संपादकीय

बदलाव की परीक्षा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 10वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रश्नपत्रों के प्रारूप में बुनियादी बदलाव लाने का फैसला किया है। इस परिवर्तन का मकसद शिक्षा-परीक्षा को मशीनी धज से बाहर निकालकर उनमें तर्क क्षमता और कल्पनाशीलता के लिए गुंजाइश बढ़ाना है। एसोचैम द्वारा आयोजित शिक्षा शिखर सम्मेलन में सीबीएसई के सचिव अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि बदलाव की इस प्रक्रिया के तहत अगले साल होने वाले बोर्ड एग्जाम में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को 20 फीसदी ऑब्जेक्टिव सवाल हल करने होंगे, जबकि 10 फीसदी सवाल रचनात्मक सोच-विचार पर आधारित होंगे। 2023 तक दोनों परीक्षाओं के प्रश्नपत्र पूरी तरह रचनात्मक, आलोचनात्मक और विश्लेषण क्षमता की परख करने वाले हो जाएंगे।

एक अरसे से कहा जा रहा है कि वर्तमान परीक्षा प्रणाली जड़ होकर महज एक नंबर गेम में बदल गई है। जो जितना बेहतर तरीके से सवालों के जवाब रट लेता है वह उतने ज्यादा अंक पा लेता है। तमाम स्कूलों और कोचिंग संस्थानों का मकसद बच्चों को कुछ नया सिखाना नहीं बल्कि वह कुंजी पकड़ाना भर रह गया है, जिससे अंकों का खजाना खुलता है। यूं कहें कि वे बच्चों को रट्टू तोता बना रहे हैं। ऑब्जेक्टिव प्रश्नों की बहुतायत के चलते सारा जोर सूचना पर है और ज्ञान की उपेक्षा हो रही है। एनसीईआरटी ने अपनी एक रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि पैंसठ प्रतिशत बच्चों को छपा हुआ टेक्स्ट पढ़ना तो आता है लेकिन उसका अर्थ वे नहीं जानते। इस तरह बच्चों के भीतर न तो रचनात्मकता जगाई जा रही है, न ही उनमें जिज्ञासा या खोजबीन की ललक पैदा हो रही है।

शोध और अन्वेषण में भारत के फिसड्डी रह जाने की मुख्य वजह यही है। झोली भर-भरकर नंबर पाने वाले बच्चे आगे चलकर क्या कर पाते हैं, यह वरिष्ठ भारतीय उद्यमियों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की शिकायतों से जाहिर होता है। वे साफ कहते हैं कि भारत में इंजीनियरों के पास सिर्फ डिग्री होती है, योग्यता नहीं। परीक्षा के आधार पर छात्रों का मूल्यांकन और देशों में भी किया जाता है लेकिन उनका जोर विद्यार्थियों की प्रतिभा को उभारने पर होता है। अभी जबकि सीबीएसई ने परीक्षा पद्धति को सुधारने का फैसला किया है तो ऐसा करते हुए उसको सारे पहलुओं पर ध्यान देना होगा। न सिर्फ प्रश्न तय करने में बल्कि मूल्यांकन की प्रक्रिया में भी समर्थ लोगों को शामिल करना होगा, जिनका काम सिर्फ आंसर शीट से मिलान करना न हो।

दक्षिण कोरिया ने आर्थिक वृद्धि का अनुमान घटाया, दशक में निचले स्तर तक पहुंचा

सियोल (आरएनएस)। दक्षिण कोरिया के केन्द्रीय बैंक ने शुक्रवार को इस वित्त वर्ष के लिये आर्थिक वृद्धि के अपने अनुमान को घटाकर दो प्रतिशत कर दिया। पिछले एक दशक में दक्षिण कोरिया की वृद्धि का सबसे निम्न अनुमान है। दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी यह अर्थव्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर काफी कुछ निर्भर है लेकिन पिछले कुछ समय से चले आ रहे चीन- अमेरिका व्यापार विवाद और पड़ोसी जापान के साथ विवाद में उलझे

रहने के चलते यह स्थिति बनी है। दक्षिण कोरिया के बैंक आफ कोरिया ने 2019 के लिये देश की आर्थिक वृद्धि का अनुमान 2.2 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दिया। बैंक के गवर्नर ली जु-येओल ने संवाददाताओं को इसकी जानकारी देते हुये यह भी कहा कि अगले वर्ष के लिये भी आर्थिक वृद्धि के अनुसार को 2.5 प्रतिशत से घटाकर 2.3 प्रतिशत कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया की दो प्रतिशत वृद्धि का यह अनुमानित आंकड़ा वर्ष 2009 के बाद सबसे कम होगा। वैश्विक आर्थिक संकट के चलते तब देश ने 0.8 प्रतिशत वृद्धि हासिल की थी। बैंक आफ कोरिया ने एक वक्तव्य में कहा है कि निर्यात में लगातार सुस्ती बनी हुई है। इसके साथ ही घरेलू खपत की वृद्धि भी धीमी पड़ी है। बैंक आफ कोरिया के ये अनुमानित आंकड़े अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमान के अनुरूप ही बन गये हैं। अमेरिका- चीन के बीच व्यापार युद्ध से वैश्विक आर्थिक परिवेश में अनिश्चितता की स्थिति बनी हुई है जबकि दक्षिण कोरिया और जापान युद्धकाल के इतिहास को लेकर एक दूसरे को नीचा दिखाने पर आमादा हैं।

जीडीपी आंकड़े आने से पहले सेंसेक्स 336 अंक लुढ़का

मुंबई (आरएनएस)। शेयर बाजारों में पिछले दो दिनों से जारी तेजी पर शुक्रवार को विराम लग गया और बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 336 अंक लुढ़क कर बंद हुआ। जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि आंकड़े आने से पहले निवेशक सतर्क दिखें। तीस शेयरों वाला सेंसेक्स कारोबार के दौरान 466 अंक तक लुढ़क गया। हालांकि बाद में कुछ सुधार हुआ और अंत में यह 336.36 अंक यानी 0.82 प्रतिशत टूटकर 40,793.81 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 95.10 अंक यानी 0.78 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,056.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में येस बैंक को सर्वाधिक नुकसान हुआ। बैंक का शेयर 2.50 प्रतिशत नीचे आया।

उसके बाद क्रमशः एचयूएल (2.37 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (2.12 प्रतिशत), एसबीआई (2.03 प्रतिशत), टाटा मोटर्स (2.03 प्रतिशत) तथा वेदांता (1.97 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं दूसरी तरफ भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक तथा एनटीपीसी लाभ में रहे। विशेषज्ञों के अनुसार दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर पहली तिमाही के मुकाबले नीचे रह सकती है। वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई।

डेविस कपः रामकुमार, सुमित की जोरदार जीत, भारत ने बनाई पाकिस्तान पर 2-0 से बढ़त

नूर सुल्तान। रामकुमार रामनाथन और सुमित नागल ने पाकिस्तान के अपने प्रतिद्वंद्वियों को टेनिस का कड़ा सबक सिखाते हुए डेविस कप मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत को 2-0 से बढ़त दिलाई। एकल मुकाबले पूरी तरह से एकतरफा रहे। रामकुमार ने पहले मैच में 17 वर्षीय मोहम्मद शोएब को केवल 42 मिनट में 6-0, 6-0 से शिकस्त दी। शोएब केवल दूसरे सेट के छठे गेम में थोड़ी चुनौती पेश कर पाए जब उन्होंने रामकुमार को दो ड्यूस अंकों तक खींचा।

नागल ने इसके बाद डेविस कप में अपनी पहली जीत दर्ज की। उन्होंने दूसरे एकल में हुफैजा मोहम्मद रहमान को 64 मिनट तक चले मैच में 6-0, 6-2 से हराया। पाकिस्तान को अपने शीर्ष खिलाड़ियों की कमी खली जो यह मुकाबला तटस्थ स्थान पर करवाने के विरोध में हट गए थे।

पहले मैच में जहां मुकाबला था नहीं , वहीं दूसरे मैच में पाकिस्तान के युवा खिलाड़ी हुफैजा ने नागल का जितना संभव हो लंबी रैलियों में उलझाने की कोशिश की। दूसरे सेट के दूसरे गेम में दो बार उन्होंने नागल ड्यूस अंकों तक खींचा और तीसरो गेम जीतकर पहली बार पाकिस्तान के नाम पर एक गेम लिखा।

मुकेश अंबानी दुनिया के 9वें सबसे धनी व्यक्ति : फोर्ब्स

मुंबई (आरएनएस)। फोर्ब्स की द रियल टाईम बिलियनेयर्स लिस्ट के अनुसार रिलायंस उद्योग के चेयरमैन मुकेश अंबानी विश्व के 9वें सबसे धनी व्यक्ति हैं। इस साल की शुरुआत में जारी फोर्ब्स के 2019 के सबसे धनी लोगों की सूची में आरआईएल के चेयरमैन मुकेश 13वें स्थान पर थे। उनकी प्रगति का श्रेय आरआईएल को दिया जा सकता है, जो 10 लाख करोड़ रुपये की बाजार पूंजी को पार कर गुरुवार को ऐसा करने वाली पहली भारतीय कंपनी बन गई है।

फेसबुक, इंस्टाग्राम की सेवा थैंक्सगिविंग डे पर सुस्ती के बाद तेज

नईदिल्ली (आरएनएस)। फेसबुक और उसके परिवार के ऐप, जिनमें इंस्टाग्राम और मैसेंजर शामिल हैं, दुनियाभर में कुछ घंटों के लिए सुस्त होने के बाद शुक्रवार को फिर तेज हो गए। सुस्ती के चलते थैंक्सगिविंग डे के दिन अमेरिकी यूजर्स के साथ ही दुनियाभर के यूजर्स प्रभावित हुए। व्हाट्सएप को छोड़कर, फेसबुक के बाकी ऐप गुरुवार देर रात अमेरिकी ईस्ट कोस्ट, सेंट्रल यूरोप, ईस्ट एशिया और भारत के कुछ हिस्सों में डाउन हो गए।

इंस्टाग्राम ने ट्विटर पर पोस्ट किया, गॉबल, गॉबल हम वापस आ गए हैं। हम असुविधा के लिए माफी मांगते हैं और उन्हें

थैंक्सगिविंग की शुभकामनाएं देते हैं जो इसे मना रहे हैं। कई यूजर्स ने कहा कि फेसबुक के होम पेज पर जाने से केवल सेवा अनुपलब्ध संदेश दिखाई दिया और इंस्टाग्राम यूजर्स ने पाया कि वेब सेवा लोड नहीं हो रही है, जबकि ऐप काम करता दिखाई दिया। इस बारे में कंपनी ने कहा कि वह समस्याओं को दूर करने के लिए काम कर रही है।

इंस्टाग्राम ने ट्वीट किया, हम जानते हैं कि कुछ लोगों को वर्तमान में इंस्टाग्राम सहित फेसबुक ऐप्स के परिवार तक पहुंचने में परेशानी हो रही है। हम जितना जल्द संभव हो सके चीजों को सामान्य करने के लिए काम कर रहे हैं। हालांकि, कई यूजर्स ने ट्विटर पर इस बारे में शिकायत की, जहां ट्रेंड करने वाले टॉपिक में हैशटैगफेसबुकडाउन और हैशटैगइंस्टाग्राम डाउन शामिल रहा। एक यूजर ने लिखा, रुको .. मुझे पता है कि इंस्टाग्राम मुझे परिवार के साथ सोशलाइज बनाने की कोशिश नहीं कर रहा है, हैशटैगफेसबुक डाउन।

हीरो ने बंद किया अपनी इन लोकप्रिय बाइक का प्रोडक्शन

नईदिल्ली (आरएनएस)। हीरो मोटोकॉर्प ने अपने बीएस 4 मॉडल्स (भारत स्टेज 4) के 50 से ज्यादा वेरियंट्स का प्रॉडक्शन बंद कर दिया है। बता दें कि बीएस6 नॉर्म्स 1 अप्रैल 2020 से लागू हो रहे हैं। नए नियमों के तहत ऑटोमोबाइल कंपनियों को मौजूदा बीएस4 नॉर्म्स के मुकाबले लोअर इमिशन वाले वीइकल्स का प्रॉडक्शन करना होगा। 1 अप्रैल 2020 के बाद किसी भी बीएस4 वीइल्स को रजिस्टर नहीं किया

जाएगा। हालांकि, बिक चुकी गाड़ियों को उनके लाइफटाइम के दौरान चलने की इजाजत होगी।

कंपनी ने जिन टू-वीलर का प्रॉडक्शन बंद किया है, उनमें हीरो स्पेंल्डर, एचएफ डीलक्स, ग्लैमर के अलावा प्लेजर स्कूटर भी शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डीलरशिप्स को इस फैसले के बारे में बता दिया गया है। इन 4 प्रॉडक्ट्स का प्रॉडक्शन बंद होने के साथ ही डीलरशिप्स में ये मॉडल्स स्टॉक उपलब्ध होने तक ही मिलेंगे। हीरो स्पेंल्डर और एचएफ डीलक्स दोनों की कंपनी की मंथली सेल्स में 4.5 लाख यूनिट्स से ज्यादा हिस्सेदारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ने एक अंतरिम काउंसिल भी बनाई है, जो कि बीएस 6 इमिशन नॉर्म्स में कंपनी के ट्रैन्जिशन की निगरानी करेगी। हीरो मोटोकॉर्प अपनी दूसरे बीएस4 वीइल्स को जल्द डिसकंटीन्यू करेगा।

राम मंदिर पर फिल्म बनाएंगी कंगना रनौत, टाइटल होगा अपराजित अयोध्या

फिल्म इंडस्ट्री में अपनी ऐक्टिंग के लिए मशहूर ऐक्ट्रेस कंगना रनौत अपनी बेबाकी के लिए भी जानी जाती हैं।

कंगना रनौत का अपनी फिल्मों का चुनाव भी अलग ही रहता है। अब कंगना रनौत ने घोषणा की है, वह राम मंदिर मुद्दे पर फिल्म बनाएंगी। इस फिल्म का नाम अपराजित अयोध्या होगा।

यह फिल्म कंगना रनौत का प्रॉडक्शन हाउस बनाएगा। राम मंदिर कोर्ट केस पर आधारित फिल्म अपराजित अयोध्या उनके प्रॉडक्शन हाउस की पहली फिल्म होगी। इस फिल्म की अगले साल शुरुआत होगी। बाहुबली सीरीज के निर्माता केवी विजयेंद्र प्रसाद फिल्म का निर्देशन करेंगे।

कंगना रनौत का कहना है कि राम मंदिर सैकड़ों साल से चर्चित मुद्दा रहा है। 80 के दशक में पैदा हुए बच्चे के रूप में मैं अयोध्या का नाम निगेटिव लाइट सुनकर बड़ी हुई हूं। इस मामले ने भारतीय राजनीति का चेहरा बदल दिया और फैसले ने भारत में सदियों पुराने विवाद को समाप्त कर दिया है। यह मुद्दा एक तरह से मेरी पर्सनल जर्नी को दिखाता। इसलिए मैंने फैसला किया मेरे प्रॉडक्शन हाउस की सबसे सही विषय होगा।

बता दें कि हाल ही में कंगना रनौत की फिल्म थलाइवी का फर्स्ट लुक टीजर और पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म तमिलनाडु की दिवंगत पूर्व सीएम जयललिता की जिंदगी पर आधारित है, जिसमें कंगना जयललिता के किरदार को निभाते हुए नजर आएंगी। थलाइवी 26 जून 2020 को रिलीज होगी।

आज का राशिफल

मेषः- आपको दूसरों की मदद करने से सुकून मिलता है इसलिए आज का दिन परोपकार में व्यतीत होगा। कार्यक्षेत्र में भी आपके पक्ष में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं इससे व्यथित होकर साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है।

वृषभः- आज का दिन परिजनों के साथ सुखद बीतेगा। दोपहर तक हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिलेगा। सांयकाल के समय चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन का हर्ष होगा।

मिथुनः- पिता के आशीर्वाद तथा उच्चाधिकारियों की कृपा से किसी बहुमूल्य वस्तु अथवा संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी।

कर्कः- राशि स्वामी की उत्तम स्थिति एवं राशि पर बृहस्पति का पंचम होकर परिभ्रमण अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति कराकर कोष की स्थिति को सुदृढ़ करेगा। व

सिंहः- राजनीतिक क्षेत्र में अशातीत सफलता मिलेगी। प्रतिस्पर्द्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, रुका हुआ कार्य भी सम्पन्न होगा।

कन्याः- आज कर्मोद्योग में तत्परता से लाभ होगा। स्वजनों से सुख, पारिवारिक मंगल कार्यों की खुशी होगी। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

तुलाः- आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नए स्रोत बनेंगे, वाक्पटुता आपको विशेष सम्मान दिलाएगी।

वृश्चिकः- आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर धन, सम्मान, यश, कीर्ति की वृद्धि होगी। रुका हुआ कार्य सिद्ध होगा-प्रियजनों से भेंट होगी।

धनुः- आज गृहोपयोगी वस्तुओं पर धन का खर्च होगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। अधीनस्थ कर्मचारी या किसी संबंधी के कारण तनाव बढ़ सकता है।

मकरः- आज व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने का हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पूर्वापेक्षा अधिक सुदृढ़ होगी। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

कुंभः- राशि स्वामी शनि की धनु: स्थिति के कारण पत्नी को अकस्मात् शरीर कष्ट होने से भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है।

मीनः- वैवाहिक जीवन आनन्ददायक बीतेगा। आज पास व दूर की सकारणीय यात्रा भी हो सकती है। बिजनस में बढ़ती प्रगति से काफी खुशी होगी।

क्रिस्टल डिसूजा ने शुरू की चेहरे की शूटिंग

कृति खरबंदा ने हाल में अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म चेहरे छोड़ दी थी। इसके बाद यह खबर आई कि कृति वाला रोल टेलिविजन से मशहूर हुई ऐक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा को मिल गया है। अब क्रिस्टल ने इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है।

क्रिस्टल ने सोशल मीडिया पर अपनी एक तस्वीर शेयर की है जिसमें वह फिल्म का क्लैप बोर्ड लिए दिख रही हैं। तस्वीर शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, नई शुरुआत। मेरी ड्रीम टीम के साथ मेरी पहली फिल्म की शूटिंग। रूमी जाफर सर का डायरेक्शन और आनंद पंडित इसे प्रड्यूस कर रहे हैं। ईमानदारी से कहूं तो इससे बेहतर कुछ नहीं मिल सकता जिसमें अमिताभ बच्चन, इमरान हाश्मी, अन्नू कपूर, रिया चक्रवर्ती और सिद्धांत कपूर जैसे लोग आपके साथ हों। इंतजार कीजिए, चेहरे अप्रैल 2020 में रिलीज होगी। हमेशा आप सभी का प्यार और आशीर्वाद चाहिए। बता दें कि पहले ऐसी चर्चा थी कि कृति खरबंदा के फिल्म छोड़ने के बाद इस फिल्म में मौनी रॉय या अंकिता लोखंडे को लिए जाने की चर्चा थी।

ऐसे किरदार चाहती हूं, जिसमें कुछ करने का मौका हो : कैटरीना

अभिनेत्री कैटरीना कैफ ने भारत और जीरो जैसी फिल्मों में बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों के दिलो में अपनी खास जगह बना ली है और अब उनका कहना है कि आने वाले समय में वह ऐसे किरदारों को निभाने की चाह रखती हैं जिनमें उनके लिए कुछ कर दिखाने मौका हो। कैटरीना ने कहा, मैं ऐसी भूमिकाएं निभाने की इच्छुक हूं, जिनमें मुझे वास्तव में कुछ करने का मौका हो, उसमें पूरी तरह से शामिल होने या उससे जुड़ने और उसकी तह तक जाने का पूरा मौका हो।

कियारा आडवाणी ने पूरी की इंदू की जवानी की शूटिंग

बॉलिवुड ऐक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने अपनी अपकमिंग फिल्म इंदू की जवानी की शूटिंग पूरी कर ली है। कियारा आडवाणी ने यह जानकारी अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट के जरिए दी है। उन्होंने अपने को-स्टार आदित्य सील, मल्लिका दुआ और करू मेंबर के साथ केक काटते हुए स्टोरी में तस्वीरें शेयर की हैं।

फिल्म में कियारा इंदू गुप्ता के किरदार में नजर आएंगी, जो कि गाज़ियाबाद की एक दबंग लड़की है। अपनी इस फिल्म और किरदार के बारे में एक इंटरव्यू में था कि फिल्म का कहानी में आज के समय का दौर है और यह काफी प्यारा किरदार है व हंसाने वाला किरदार है।

बता दें कि फिल्म के सेट पर कियारा आडवाणी की मां भी पहुंची थीं। कियारा आडवाणी ने अपनी मां के साथ की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा कि फिल्म के सेट पर आज का सबसे अच्छा विजिटर! इंदू की जवानी के वर्ल्ड में स्वागत है।

मक्के की रोटी के साथ बनाये गरम -गरम सरसों साग

सामग्री :

सरसों- 750 ग्राम, पालक- 250 ग्राम, बथुआ- 250 ग्राम, नमक- स्वादानुसार, मक्के का आटा- डेढ़ कप, हरी मिर्च- 4 (बारीक कटी), अदरक- 25 ग्राम (बारीक कटा), प्याज- 2 (बारीक कटा), घी- आवश्यकतानुसार, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, हींग-चुटकीभर, धनिया पाउडर- 1/2 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, दालचीनी पाउडर- 1/4 छोटा टीस्पून, बटर- 1 टीस्पून

विधि :

प्रेशर कुकर में तीनों साग, नमक और पानी डालकर धीमी आंच पर एक सीटी आने तक पका लें। यह जब ठंडा हो जाए तो इसका सारा पानी निचोड़कर निकाल लें और पानी को एक तरफ रख दें। इसके बाद साग को मिक्सी में अच्छी तरह से पीस लें। अब इसमें मक्के का आटा डालकर मिक्स करें।

इसके बाद इसमें साग का पानी, हल्दी पाउडर साथ ही थोड़ा नॉर्मल पानी डालकर धीमी आंच पर दो मिनट तक पका लें। फिर इसमें हरी मिर्च और अदरक डालकर साग को गाढ़ा होने तक पका लें।

अब तड़का बनाने के लिए एक कड़ाही में घी गर्म करें। फिर इसमें हींग, प्याज, लहसुन, लाल मिर्च, गरम मसाला, दालचीनी पाउडर, जीरा पाउडर, धनिया पाउडर डालकर अच्छे से एक मिनट तक भून लें। इसके भुनने के बाद तड़के को साग में डालकर अच्छे से मिक्स करें और ऊपर से बटर डालकर गरमा गरम सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 59

बाएं से दाएं

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

ऊपर से नीचे

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 58 का हल

टे	ढ़ा	मे	ढ़ा		म	हा	र	त
क		ह					ज	न
	जा	न	की		क	म	नी	य
		त	म	क	ना			
म			त	ह	त		दा	ब
सी	मा			ला		स	न	द
हा	थ	म	ल	ना		वा		च
		द			घा	ल	मे	ल
	ब	द	ह	वा	स			न

सू-दोकू- 59

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 58 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6